आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
07.12.2024
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा देश भर में तपेदिक यानी टीबी के मामलों से निपटने के लिए आज 100 दिन के अभियान की शुरुआत करेंगे।
- राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 37 नए सहायक प्राध्यापकों को राजनीति शास्त्र और भूगोल विषयों में नियुक्ति दी गई।
- प्रदेश में स्वरोजगार के तहत कुक्कुट पालन योजना ग्रामीणों की मजबूत आर्थिकी का आधार बन रही है।
- और.... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के कैबिनेट के फैसले की सराहना की।

**अभियान शुरूआत**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा देश भर में तपेदिक यानी टीबी के मामलों से निपटने के लिए आज हरियाणा के पंचकुला से 100 दिन के अभियान की शुरुआत करेंगे। यह अभियान 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में दिल्ली तपेदिक रोधी सम्मेलन में देश को टीबी–मुक्त करने का संकल्प लिया था। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापरक इलाज़ को सुलभ बनाना, कमजोर समूहों के बीच लक्षित जांच, अधिक जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए विशेष देखभाल और पोषण सहायता देना है।

**नियुक्ति**

राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 37 नए सहायक प्राध्यापकों को राजनीति शास्त्र और भूगोल विषयों में नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर को प्रदेश के पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालयों में पहली नियुक्ति दी गई है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस नियुक्ति को एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों के महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति से शैक्षणिक गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसका लाभ स्थानीय छात्र–छात्राओं को मिलेगा। डॉक्टर रावत ने कहा कि महाविद्यालयों में शत–प्रतिशत शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि स्थाई सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति से प्रभावित गेस्ट

फैकल्टी का समायोजन अन्य महाविद्यालयों में किया जायेगा, जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

## पांडव लीला

रुद्रप्रयाग जिले की साकरी ग्राम पंचायत में 27 साल बाद पांडव लीला का आयोजन किया गया है। इसमें क्षेत्र के सैकेड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा ले रहे हैं। पलायन से प्रभावित साकरी गांव में 27 वर्ष बाद पांडव लीला से पूरा क्षेत्र जीवंत हो उठा है। द्वापर युग की पांडवों की कथाओं को जीवंत करते हुए पांडव नृत्य ने क्षेत्रवासियों को धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का काम कर रहा है। इस आयोजन से जहां पलायन की वजह से सूने पड़े गांव में फिर से खुशहाली लौट आई है, वहीं भक्तों का उत्साह भी देखने लायक है। धार्मिक अनुष्ठानों, पैतृक कार्यों और मंगल कार्यों में शामिल होने के लिए अब लोग पांडव नृत्य का आनंद ले रहे हैं। पांडव लीला का समापन 25 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ होगा। स्कंद पुराण के केदारखंड के अनुसार, पांडवों ने मोक्ष की प्राप्ति के लिए केदारनाथ धाम की यात्रा की थी। जहां–जहां से पांडव इस यात्रा के दौरान गुज़रे, उन गांवों में पांडव नृत्य का आयोजन किया जाता है। पांडव नृत्य समिति के अध्यक्ष राकेश ममगाईं ने बताया कि आगामी वर्षों में प्रत्येक तीन साल में इस प्रकार के सनातनी अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

## नियमित रेलगाड़ी

नैनीताल जिले के लालकुआँ और रामनगर रेलवे स्टेशनों से चलने वाली 9 अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों को पहली जनवरी 2025 से नियमित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालकुआँ से मुरादाबाद को जाने वाली दो अनारक्षित रेलगाड़ियों और लालकुआँ–काशीपुर, लालकुआँ–कासगंज, लालकुआँ–बरेली सिटी अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों को नियमित कर दिया गया है।

वहीं, रामनगर से मुरादाबाद को जाने वाली दो अनारक्षित रेलगाड़ियों और रामनगर से काशीपुर को जाने वाली 2 अनारक्षित रेलगाड़ियों को भी नियमित कर दिया गया है।

## कौतिक आयोजन

सरोवरनगरी नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के यूजीसी एम०एम०टी०टी०सी परिसर में आगामी तीन और 4 जनवरी को आठवां 'कौतिक' अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आयोजित किया जाएगा। फिल्म महोत्सव में देश–दुनिया की फिल्मों का प्रदर्शन होगा। फिल्म महोत्सव के निदेशक राजेश साह ने बताया कि कौतिक का उद्देश्य युवा और नए फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहन देना है। यह मंच उभरते हुए फिल्मकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है।

## कुक्कुट पालन

राज्य में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में कुक्कुट पालन योजना ग्रामीणों की मजबूत आर्थिकी का आधार बन रही है। योजना से अच्छा मुनाफ़ा होने की वजह से बड़ी संख्या में ग्रामीण इस व्यवसाय से जुड़ रहे हैं। चमोली में कई ग्रामीण कुक्कुट पालन अपानकर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं। ज़िले में कुक्कुट पान के व्यवसाय से जुड़े चरण सिंह का कहना है कि वर्तमान में वे पांच कुक्कुट फार्म के मालिक हैं और अच्छी खासी आय अर्जित कर रहे हैं।

हाल ही में राज्य सरकार की आई०टी०बी०पी और सेना की स्थानीय छावनियों में जवानों की खपत के लिए मुर्गा और बकरा स्थानीय लोगों से खरीदने के निर्णय से कुक्कुट पालकों को विपणन के अवसर भी अच्छी मात्रा में मिल रहे हैं।

## सराहना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के कैबिनेट के फैसले की सराहना की। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्कूली शिक्षा को यथासंभव सुलभ बनाने के लिए सरकार द्वारा लिया गया यह एक और बड़ा फैसला है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कदम से जहां बड़ी संख्या में छात्रों को लाभ मिलेगा, वहीं इससे रोजगार के कई नए अवसर भी पैदा होंगे।

## एमएसएमई

केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना गरीब और वंचित वर्ग के कामगारों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है। इस योजना के तहत अब छोटे उद्यमियों को बिना किसी बैंक गारंटी के स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक देशभर में पांच करोड़ से अधिक कामगार इस पोर्टल पर पंजीकरण कर चुके हैं। निजी दौरे पर उत्तराखंड आए श्री मांझी ने नई टिहरी के टीएचडीसी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एमएसएमई विभाग पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, और खादी ग्रामोद्योग तथा उद्योग विभागों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में बांस आधारित उद्योग, जंगली फल, अगरबत्ती, धूपबत्ती और अन्य उत्पादों में स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार की संभावना हैं।

## वन्यजीव

जंगली जानवरों की करंट से होने वाली मृत्यु को लेकर वन विभाग गंभीर हो गया है। प्रदेश में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए विभाग द्वारा प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इस संबंध में वन्यजीव प्रतिपालक रंजन कुमार मिश्र ने अुनसार किसी भी वन्यजीव की करंट लगने से मृत्यु होती है तो संबंधित प्रभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक ने प्रभागीय वन अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रशिक्षण शिविर

प्रदेश में 28 जनवरी से राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता प्रस्तावित है। प्रतियोगिता के लिए राज्य के खिलाड़ियों को तैयार करने को लेकर राजधानी देहरादून में लान टेनिस, टेबल टेनिस, शूटिंग, जूडो और वुशु के 15 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गए हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक खेल प्रशिक्षण में करीब साठ खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। यहां खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों के नियम और शर्तों से अवगत कराने के साथ ही संबंधित खेल की बारीकियां बताई जाएंगी।